हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 देवास बनेगा ईवी क्रांति का हब: 1850 करोड़ रु....



07 पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को इंदौर में

**सीहोर।** मप्र ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा न्यास इंदौर के तत्वाधान में 28 दिसंबर को शुभ कारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा इंदौर में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए उप कार्यालय सीहोर के अखिल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस परिचय सम्मेलन में कुछ नवाचार किए जाएंगे। फार्म शहर के गांधी रोड स्थित आरती कंगन स्टोर्स से प्राप्त किए जा सकते है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।

### 28 करोड़ के प्रोजेक्ट पर सवाल, क्या डीपीआर में नहीं बताई गई थी निजी जमीन

# हाउसिंग बोर्ड ब्रिज पर नई 'बाधा': निर्माणाधीन आरओबी के ठीक सामने खड़ी की निजी दीवार

पूर्व पार्षद और स्थानीय रहवासी मनोज गुजराती ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिज कॉर्पोरेशन पर लापरवाही की हद पार करने का आरोप लगाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवर ब्रिज शुरू से ही विवादों में घिरा रहा है, लेकिन अब इस 28 करोड़ के प्रोजेक्ट पर एक नई और मुसीबत खड़ी हो गई है। हाउसिंग बोर्ड की तरफ ब्रिज के अंतिम छोर के पास एक निजी जमीन सामने आ गई है, जिसके मालिक ने हाल ही में ब्रिज के रास्ते पर एक पक्की दीवार खड़ी कर दी है। इस दीवार ने न केवल निर्माण पर ब्रेक लगा दिया है, बल्कि ब्रिज कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

पूर्व पार्षद और स्थानीय रहवासी मनोज गुजराती ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिज कॉर्पोरेशन पर लापरवाही की हद पार करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने सीधे सवाल उठाए कि ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को 28 करोड़ के प्रोजेक्ट की डीपीआर में आगे निजी भूमि आएगी, बताया नहीं था क्या? राजस्व विभाग से कोई सीमांकन कराया गया था क्या? ब्रिज की आखिरी छोर की दीवार बना दी गई और अब नवनिर्मित दीवार के सामने निजी भूमि स्वामी ने हाल ही में अपनी बाउंड्री पक्की बना दी गई, जिससे अब तो रास्ता और छोटा हो गया।



### सर्विस रोड का विरोध जारी, अब दीवार की चुनौती

यह नया विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से सर्विस रोड की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। रहवासी अब तक धरना, सांप-सीढ़ी प्रतियोगिता, घरों पर काले झंडे लगाने और आमरण अनशन तक कर चुके हैं। उनका आरोप है कि स्वीकृत

### ब्रिज कॉर्पोरेशन ने शुरू की अधिग्रहण प्रक्रिया

इस नई चुनौती पर ब्रिज कॉर्पोरेशन भोपाल के इंजीनियर केसी वर्मा ने स्वीकार किया है कि उन्हें दीवार खड़ी किए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया सीमांकन में आधी रोड निजी जमीन निकल रही है। जमीन को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रेट व राजस्व कार्यालय में फाइल भेजी गई है, मुआवजा संबंधित जो भी प्रक्रिया होगी, उसे पूर्ण किया जाएगा।





राशि 2.76 करोड़ होने के बावजूद 1700 मीटर सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो रहा है।

### मंदसौर में होगी राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** कई सालों से सीहोर टीम जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। इसमें सबसे अहम प्रदर्शन करने वाली तनुश्री नागर को इस बार संभाग की कमान सौंपी गई है। मंदसौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वह कप्तान की भूमिका में नजर आएंगी। प्रतियोगिता के लिए सीहोर से दो बालिकाओं का चयन किया गया है। रविवार को शहर में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मंघानी आदि ने स्वागत करते हुए उन्हें रवाना किया। इस अवसर पर तनुश्री के पिता राधेश्याम नागर और माता भी मौजूद थीं। नव नियुक्त कप्तान ने बताया कि वह लगातार पांच सालों से डॉज बॉल खेल की प्रैक्टिस कर रही हैं। यह खेल खिलाड़ी को बहुत सक्रिय रखता है। तीसरी बार स्टेट के लिए खेल रही हैं। पूर्व में यह प्रतियोगिता गुना और देवास में हुई थी। बालिका टीम बनी उपविजेता देवास में राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता में सीहोर का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिकाओं ने पहले उज्जैन और बाद में इंदौर को हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।

# एसआईआर कार्य का लक्ष्य पूरा करने वाले नगर के बीएलओ का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़


निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्य को जल्द पूरा करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य को पूरे लगन और निष्ठा से नगर के बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने अपने कार्य को गति प्रदान करते हुए समय से पूर्व लक्ष्य को हासिल कर लिया। उनके इसी सराहनीय कार्य को सम्मान देते हुए सोमवार को



कानड़ नगर के बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का सम्मान किया गया। नगर के बीएलओ महेश शर्मा, महेश पाठक ओम शर्मा राधेश्याम विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, राधेश्याम बरेठा, शोएब अली, जसवंत सिंह यादव, सुपरवाइजर राधेश्याम वर्मा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति सूर्यवंशी, रेखा शर्मा का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया।

### भैरव पूर्णिमा पर चूरमा बाटी का लगाया जाएगा भोग

# सामूहिक रूप से सकलेचा गोत्रीय कुल भैरव का होगा पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भैरव पूर्णिमा पर नगर के सकलेचा गोत्रीय बंधुओं द्वारा अपने कुल भैरव का पूजन सामूहिक रूप से किया जाएगा। जिसमें नगर सहित अन्य स्थानों के सकलेचा बंधुओं द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया जाएगा तथा भैरव प्रतिमा के समक्ष चूरमा बाटी का भोग लगाया जाएगा। नगर में सकलेचा बंधुओं के कुल भैरवजी का देव स्थान पांड्या कॉलोनी में स्थित है, जहां पर प्रतिवर्ष दो बार सकलेचा बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से कुल भैरव देव की पूजा अर्चना की जाती है।

4 दिसम्बर को नलखेड़ा में सकलेचा बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामुहिक पूजन का आयोजन रखा गया है। कुल भैरवजी के पूजन के लिए सभी सकलेचा बंधु एवं महिलाएं सामूहिक रूप से ढोल ढमाको के साथ पूजन के लिए पांड्या कॉलोनी पहुंचेंगे। इसके पूर्व बड़ा गणपति जी एवं वीर हनुमान जी के मंदिर पर पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात कुल भैरव देव की पूजन तथा कालाजी महाराज की पूजन का कार्यक्रम होगा। जिसमें उपस्थित सकलेचा बंधुओं द्वारा भैरव प्रतिमा के समक्ष चूरमा बाटी का भोग लगाया जाएगा। सकलेचा परिवार द्वारा अपने कुल भैरव के देवस्थान के साथ नगर से 1 किलोमीटर दूर स्थित कालाजी महाराज के देवस्थान पर भी पूर्णिमा की पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजन उपरांत प्रसादी एवं भोजन का कार्यक्रम पारसकुमार मूलचंद सकलेचा परिवार नलखेड़ा की ओर से जैन श्वेतांबर धर्मशाला में रखा है।

### संघ का शताब्दी वर्ष अभियान अंतिम चरण में

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर चल रहा विशेष गृह संपर्क अभियान अब अंतिम चरण में है। इस अभियान में स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर लोगों के घरों पर पहुंच रहे हैं। वे पत्रक बांट रहे हैं और संघ की गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी दे रहे हैं। स्वयंसेवक मनोज मेवाड़ा ने बताया कि यह अभियान जन-भागीदारी से जुड़ा है।

# विश्वरत्न सागरसूरीश्वर का मंगल प्रवेश कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मालव भूषण आचार्यदेव नवरत्न सागर सुरीश्वर महाराजा के शिष्य आचार्यदेव विश्वरत्न सागरसूरीश्वर म.सा आदि ठाणा 4 नलखेड़ा में मंगल प्रवेश गुरुवार को होने जा रहा है। जैन समाजजनों द्वारा आचार्यश्री की अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला जएगा। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में आचार्य विश्वरत्न सागरसूरीश्वर म.सा. का 4 दिसंबर को आगमन हो रहा है। समाजजनों द्वारा प्रातः 8:30 बजे मां बगलामुखी मार्ग स्थित रेन बसेरा से नगर में समारोह निकाला जाएगा। जिसमें समाजजनों के साथ नवरत्न



परिवार के सदस्यों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया जाएगा। स्थान-स्थान पर समाजजनों द्वारा आचार्यश्री की अगवानी कर उनके समक्ष गहूली की जाएगी।

महामांगलिक प्रदाता जैनाचार्य सुरिमंत्र आराधक, विश्वरत्नसागर सूरीश्वर म.सा.आदि श्रमण -श्रमणी भगवंतों के सानिध्य एवं पावन निश्रा में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ महातीर्थ में तीन दिवसीय अट्ठम तप की आराधना 13 से 15 दिसंबर तक संपन्न होगी। इसके पूर्व 12 दिसंबर को सभी आराधकों का धारणा नागेश्वर तीर्थ पर होगा। 16 दिसंबर को सभी अट्ठम तप आराधको का पारणा भी तीर्थ स्थान पर ही होगा। इस धार्मिक आयोजन में प्रदेश सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लेकर अट्ठम तप की आराधना की जाएगी।

# मतदान केंद्र क्रमांक 197 का एसआईआर सर्वे पूर्ण, बीएलओ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अंतर्गत नलखेड़ा के वार्ड 14 के मतदान केंद्र क्रमांक 197 पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी साथ में नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, पार्षद गोवर्धन वेदिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सकलेचा एवं कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र पर पहुंच कर एसआईआर पर समीक्षा की जिसमें 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर बीएलओ को सम्मानित किया।

### मां बगलामुखी मंदिर परिसर से हटाई गई दुकानें

# दुकानदार पहुंचे जनसुनवाई में, स्थान देने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




हाईकोर्ट के निर्णय के बाद प्रशासन द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के आसपास की भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्यवाही की गई थी। वहां हार फूल प्रसादी की दुकानें भी हटा दी गई थी। अब ये दुकानदार मंदिर के आसपास उचित स्थान देने की मांग को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे जहां उन्हें दो तीन दिन में उचित व्यवस्था का आश्वासन मिला।

मां बगलामुखी मंदिर के आसपास एवं अन्य सर्वे नंबरों की भूमि का वर्षो से चल रहे भूमि विवाद में हाईकोर्ट द्वारा गत दिनों मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला के पक्ष में निर्णय देने के बाद प्रशासन द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के आसपास की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया था। जिसमे मां बगलामुखी मंदिर पर लगने वाली हार फूल व प्रसादी की दुकानों को भी हटा दिया गया था। दुकानें हटाने के बाद दुकानदारों को प्रशासन द्वारा कोई उचित स्थान नही दिए जाने पर मंगलवार को सभी दुकानदार जिनमे बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी जिला मुख्यालय पर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे जहाँ उन्हें उनके परिवार के भरण पोषण के लिए मंदिर परिसर में दुकानें लगाने के लिए उचित स्थान प्रदान करने की गुहार लगाई गई।

आवेदन में दुकानदारों द्वारा बताया गया कि उनकी दुकानें हटा दिए जाने के बाद अब उनकी रोजी रोटी पर संकट आ गया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से स्थाई अथवा अस्थाई रूप से उन्हें उचित स्थान प्रदान करने की मांग की गई जिससे वे फिर से अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। दुकानदारों ने बताया कि जनसुनवाई में उन्हें दो चार दिन में उचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है।

### चव्हाण के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की



**नलखेड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर के लेखापाल एवं कार्यालय प्रमुख ललित चव्हाण का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया था। मंगलवार को विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य नागरिकों के साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंगलवार दोपहर 3 बजे सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें शिशु मंदिर संचालन समिति अध्यक्ष दिलीप सकलेचा व्यवस्थापक गोविंद वेदिया भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा डॉ नरेंद्र कुमार राठौर किसान संघ जिलाध्यक्ष रामनारायण तेजरा भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा पार्षद गोवर्धन वेदिया सहित कई गणमान्य नागरिकों द्वारा उनकी कर्तव्यपरायणता विद्यालय के प्रति समर्पण उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए भावांजलि अर्पित की गई एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को प्रेरणास्पद बताया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सिंहस्थ को लेकर पुरोहित ने सांसद और आयुक्त से की मुलाकात



**चापडा।** आगामी सिंहस्थ मेले को लेकर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनील पुरोहित ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, कमिश्नर सिंहस्थ मेला प्रभारी आशीष सिंह से भेंट की। पुरोहित ने मेले को लेकर जिले से ओंकारेशवर के नए वैकल्पिक 26 किलोमीटर खरगोन देवास जिले की सीमा को जोड़कर नए मार्ग का सुझाव दिया। प्लान को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और सिंहस्थ मेला प्रभारी ने समझा।सिंहस्थ के दौरान जिले से विभिन्न स्थानों के लिए बसों के संचालन की सूची भी सौंपी। हाटपीपल्या से उज्जैन,रतनपुर, पिपरी, उज्जैन ,उदयनगर पूंजापुरा उज्जैन, बागली से उज्जैन, सतवास कांटाफोड़ चापड़ा उज्जैन,पानीगांव बिजवाड उज्जैन , हरदा नेमावर चापड़ा उज्जैन, कमलापुर भिलाअमला उज्जैन, टप्पा नानूखेड़ा, देवगढ़ हाटपीपल्या उज्जैन, करनावद से उज्जैन, हाटपीपल्या से उज्जैन, डबल चौकी से सन्नौड उज्जैन चापड़ा बरोठा उज्जैन के लिए विशेष बसे सिंहस्थ में शुरू करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में किया परिवर्तन

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शीत ऋतु बढ़ने एवं तापमान में गिरावट के चलते आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग देवास ने बताया कि जिले में शीत ऋतु एवं तापमान के गिरावट के कारण जिले की समस्त परियोजनाओं अन्तर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय प्रातः 09:00 बजे के स्थान पर 10:00 बजे से 02:00 बजे तक कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए विस्तार से बताया कि इस दौरान बच्चों से संबंधित केन्द्र आधारित गतिविधियां आयोजन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका को दोपहर 02:00 बजे से 04:00 बजे के मध्य आंगनवाड़ी केन्द्र का रिकार्ड संधारण एवं गृहभेंट आदि कार्य किये जाएंगे।

### फरवरी 2027 से शुरू होगा उत्पादन, ईवी वाहन सस्ते होंगे और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे

# देवास बनेगा ईवी क्रांति का हबः 1850 करोड़ रु. की ग्रेफाइट फैक्ट्री से बदलेगा स्वरूप, विकसित होगा नया ईको सिस्टम

देवास-उज्जैन औद्योगिक बेल्ट की इस फैक्ट्री से 1000 प्रत्यक्ष रोजगार और 1500 से 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश में औद्योगिक प्रगति नई ऊँचाई पर पहुँच रही है। देवास जिले के सिरसोदा गांव में एचईजी लिमिटेड की सहायक कंपनी टीएसीसी लिमिटेड 1850 करोड़ रुपये के निवेश से देश की पहली बड़ी ग्रेफाइट एनोड फैक्ट्री लगा रही है। यह वही मैटीरियल है, जो लिथियम-आयन बैटरियों का मुख्य हिस्सा होती है और ईवी से लेकर एनर्जी स्टोरेज सिस्टम तक इस्तेमाल होती है। मंगलवार को एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने निर्माणाधीन प्लांट का दौरा किया। इस दौरान कंपनी ने बताया कि फैक्ट्री फरवरी 2027 से उत्पादन शुरू करेगी। इसके जरिए नए रोजगार और सस्ते ईवी के साथ, मध्य प्रदेश देश के ईवी मार्केट का महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। यह केवल औद्योगिक प्रगति नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा की नई शुरुआत है, जो हर घर तक पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उद्योग हितैषी नीतियों और स्पष्ट औद्योगिक विजन ने इस प्रोजेक्ट को गति दी है। जीआईएस (ग्लोबल इंवेस्टर समिट) और आरआईसी (रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव) के मंच से निवेशकों और सरकार द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक भूमि, टैक्स छूट और अन्य नीतिगत राहत ने निवेश प्रक्रिया को आसान बनाया और इस तरह के प्रोजेक्ट को धरातल पर उतरने में तेजी आई। नई ईवी पॉलिसी-2024 और 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' की छूटों के तहत फास्ट-ट्रैक मंजूरी, एसजीएसटी रिफंड, पूंजी अनुदान, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बिजली दरों में राहत जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अगस्त 2023 में कंपनी को जमीन मिली और मार्च 2024 में सीएम डॉ. यादव ने इसका भूमिपूजन किया और मात्र दो साल में कंपनी प्रोडक्शन शुरू करने की स्टेज में आ गई है। इस यूनिट की सालाना क्षमता 30 हजार मीट्रिक टन बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट एनोड बनाने की होगी। वर्तमान में भारत इस सामग्री का 90 प्रतिशत से अधिक आयात चीन से करता है। अब प्रदेश में इस स्तर पर इसका उत्पादन होने से बैटरियों की कीमत घटेंगी और ट्रांसपोर्ट तथा आयात खर्च बचेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे ईवी बैटरियों की कीमतों में 10-12 प्रतिशत तक कमी आने की उम्मीद है। इसका दूरगामी परिणाम यह होगा कि दोपहिया और तीनपहिया ईवी वाहन सस्ते हो सकते हैं। वहीं बैटरी रिप्लेसमेंट और मेंटेनेंस की लागत भी घटेगी। मंगलवार को प्लांट के निरीक्षण के दौरान राठौड़ ने फैक्ट्री बिल्डिंग, मशीन फाउंडेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क की प्रोग्रेस का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को तय समयसीमा व तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। राठौड़ ने निर्माण कार्यों में सस्टेनिबिलिटी और पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

इसके साथ ही साइट पर मौजूद वर्कर्स से बातचीत कर इंडस्ट्री की स्थापना से उनके जीवन में आए बदलावों पर चर्चा की। उनसे पूछा कि फैक्ट्री में काम शुरू करने के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदला है। वर्कर्स ने बताया कि यहां आने के बाद उनकी कमाई पहले से दोगुनी हो गई है। रोज सीखने के नए मौके मिल रहे हैं, जिससे उनकी स्किल बढ़ रही है। कई वर्कर्स ने कहा कि इतने बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ने पर अब उनमें एक अलग ही गौरव का भाव है। गांव-समाज में उनकी इज्जत और पहचान बढ़ी है। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी है और भविष्य के प्रति भरोसा भी। विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस पर राठौड़ और प्लांट के अधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण भी किया, ताकि फैक्ट्री के साथ-साथ हरियाली भी बढ़े।

### आरएंडडी प्लांट से बढ़ेगी गुणवत्ता

प्लांट के साथ अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर भी स्थापित होगा। यहां बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट एनोड की गुणवत्ता सुधारने, नई कोटिंग तकनीक विकसित करने और सेल-मैकेनिज़्म की परफॉर्मेंस बढ़ाने पर काम होगा। टेस्टिंग लैब, मैटेरियल एनालिसिस यूनिट और प्रोटोटाइप डेवलपमेंट लाइन के द्वारा देश में पहली बार ईवी बैटरी मटेरियल की स्थानीय रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता घटेगी। मप्र ईवी टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनेगा।

### हाईटेक जॉब के साथ उन्नति और समृद्धि की नई बयार

देवास-उज्जैन औद्योगिक बेल्ट की इस फैक्ट्री से 1000 प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और 1500 से 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगे। ऑपरेटर, इंजीनियर, लैब तकनीशियन और तकनीकी स्टाफ को काम मिलेगा। स्थानीय आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बैटरी टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक ड्राइव और सेल इंजीनियरिंग के कोर्स शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। युवा ईवी टेक्नोलॉजी सीखने को लालयित हैं। इसका मतलब है कि युवा हाई-टेक फैक्ट्री में अच्छे वेतन और स्किल्स के साथ घर के पास ही काम पा सकेंगे। फैक्ट्री का अभी निर्माण कार्य ही चल रहा है, लेकिन सिरसोदा और आसपास के गांवों में बदलाव साफ नजर आने लगा है। जमीनों की मांग और दाम बढ़े, किसान अपनी जमीन औद्योगिक उपयोग के लिए दे रहे हैं और स्थायी आय के नए रास्ते पा रहे हैं। सड़कें बेहतर हुई हैं, बिजली-पानी कनेक्शन बढ़े और छोटे व्यापारी नए व्यवसाय अवसरों का लाभ ले रहे हैं। यह फैक्ट्री देवास और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगी।

### बदल जाएगा औद्योगिक परिदृश्य

एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ का कहना है कि टीएसीसी लिमिटेड का यह निवेश मध्य प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश को ईवी विनिर्माण का केंद्र बनाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अपार अवसर भी लाएगा। इससे उज्जैन-देवास क्षेत्र की औद्योगिक तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। मध्य प्रदेश का सिंगल-विंडो सिस्टम, सस्ती जमीन, इंदौर-देवास-उज्जैन कॉरिडोर की बेहतर कनेक्टिविटी और लोकलाइजेशन फोकस पड़ोसी राज्यों को पीछे छोड़ रहा है।

# कलेक्टर ने नायलोन डोर/चायना डोर के संबंध में आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर सम्पूर्ण देवास जिले में मानव/पशु पक्षियों के जीवन की सुरक्षा बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। कलेक्टर सिंह ने आदेश दिए हैं कि जिले में कोई भी व्यक्ति मकर संक्राति पर्व एवं उसके पूर्व व पश्चात होने वाली पतंगबाजी में न तो नायलोन डोर/चायना डोर का निर्माण करेगा, न ही दुकानों में रखेगा न ही क्रय-विक्रय करेगा एवं न ही उपयोग करेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम / एसडीओपी आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे। यह आदेश 02 माह तक प्रभावशील रहेगा ।आदेश में उल्लेख है कि देवास जिले में मकर संक्राति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है जिसमें वृहद स्तर पर पतंगबाजी की जाती है। विगत वर्षों में पतंग बाजी में चायना डोर का उपयोग अधिकता से किया गया है, चायना डोर का मटेरियल अत्यधिक तेज धार तथा खतरनाक होता है चायना डोर के उपयोग के कारण पूर्व में राहगीरों/पशु-पक्षियों के कटने तथा चोट पहुंचने की घटनाएं घटित हुई है।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी

**देवास।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 2 दिसंबर को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए मॉडल रेट जारी हुआ था।

# शादी समारोह में चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान हुआ गायब, विरोध जताते हुए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के ग्राम टोंककला में विगत दिनों हुई चोरी के मामले में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया को एक आवेदन सौंपा, जिसमें चोरी हुए सोने के आभूषणों की बरामदगी न होने का जिक्र किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मनोहर पिता जय सिंह के घर 28 नवंबर को चोरी हुई थी। इस वारदात में सोने और चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। पुलिस ने मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी हुए आभूषणों की कीमत लगभग 13 से 14 लाख रुपए बताई गई है। ग्रामीणजनों के अनुसार फरियादी मनोहर सिंह के पुत्र गौतम द्वारा चोरी की घटना की त्वरित सूचना पुलिस को दे दी गई थी तथा संदिग्धों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करा दी गई थी। सोमवार को पुलिस चौकी टोंककलां द्वारा फरियादी पक्ष को बुलाकर बताया गया कि चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं एवं चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। हालांकि, जब फरियादी पक्ष को सामग्री पहचानने के लिए कहा गया तो चांदी के आभूषणों में समस्त चांदी के आभूषण व सोने में मात्र एक मंगलसूत्र ही दिखाया गया, जबकि शेष सोने का चोरी हुआ माल प्रस्तुत नहीं किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के महिपाल गोरधन सिंह और गौतम विक्रम सिंह के यहां पूर्व में हुई चोरी की वारदातों में भी पुलिस ने चोर तो पकड़ लिए, परंतु चोरी की सामग्री आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने मांग की कि सभी चोरी हुए आभूषण जब्त कर उन्हें वापस लौटाए जाएं। मामले में पुलिस पर भी आरोप लगाए और आंदोलन की चेतावनी दी है।

# 17 दिन से अंधेरे में डूबा खरेली गांव, ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम खरेली में पिछले 17 दिनों से 200 केवी का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। लगातार बिजली बंद रहने से गांव का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। समस्या से त्रस्त ग्रामीणजन मंगलवार को सामूहिक रूप से जनसुनवाई में आवेदन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर दुरुस्त कराने की मांग की। ग्रामीण मोहन पटेल ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद से गांव में अंधकार छाया हुआ है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रात के समय पढ़ाई करना तो दूर, ऑनलाइन क्लास या मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पा रहा।

महिलाओं और बुजुर्गों की समस्याएँ भी बढ़ गई हैं। पानी की मोटर न चल पाने से शौचालयों में पानी की भारी कमी हो गई है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से पीने के पानी की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण सोहनसिंह ठाकुर, बाबूलाल, विष्णुलाल प्रसाद सुनानिया, देवेन्द्र सोलंकी, संतोष पटेल सहित दर्जनों लोगों ने कलेक्टर और संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने या मरम्मत करने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर जल्द कार्रवाई करेगा, ताकि गांव फिर से रोशनी और सुविधा से भर सके।

**राशि नहीं हुई जमा**

*ट्रांसफॉर्मर रिपेयर हेतु राशि जमा न करने की स्थिति में इतने दिन हुए है कुछ राशि जमा की गई है। एई साहब देख रहे है। मैं छुट्टी पर हूं।*

**अंकुर गोयल,** डीई सोनकच्छ

### मान्यता नवीनीकरण के लिए 15 तक करे आवेदन

**देवास।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा वर्ष 2026-27 की नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने हेतु पोर्टल खोला गया है, जिसकी अंतिम 15 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के नवीन मान्यमता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अशासकीय विद्यालय से प्राप्त आवेदनों को मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चत्तरतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम 2017 एवं मान्यता (संशोधन) नियम 2020 एवं यथा संशोधित नियम 2021" के अंतर्गत निराकृत किया जाएगा।

# अमन चैन एवं उर्स की कामयाबी के लिए गरीब नवाज के उर्स पर चादर की पेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

22 वें उर्स के मौके पर चिश्तिया ग्रुप भौंरासा द्वारा देश में अमन चैन, भाई चारे का सौहार्द और उर्स की कामयाबी हेतु दुआओं के साथ अजमेर गरीब नवाज को पेश करने के लिए इरफान शेख यूनिक को सोमवार को चादर दी गई जिसे लेकर वे अजमेर पहुंचे और वहां पर मंगलवार को अजमेर दरगाह खादिम अबू तालिब चिश्ती द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने पर चादर पेश की गई।

चिश्तिया ग्रुप के सदर रेहान मदनी बिट्टू, नायब सदर अकील बेलिम, आफताब आलम खान , सैय्यद साजिद अली, मो. खालिद कुरेशी दुर्ग, मो.अजहर चिश्ती पूर्व सदर, इसरार चिश्ती पूर्व सदर, शेख आदिल टेलर, इरफान शेख, सै. मजहर अली, समीर पठान, मो. सुबहान आष्टा, सोहेल पठान, मो. ताहिर मेव, जाकिर शेख मुहाई, सलमान बिहार, मो. सलमान चिश्ती, मो. वाजेद चिश्ती, मो. इसरार चिश्ती, मो. रिजवान चिश्ती, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. जलाल चिश्ती, मो. आजम चिश्ती, मो.कामील चिश्ती, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. जलाल चिश्ती, मो. कामील चिश्ती, मिर्जा असलम बैग, अकरम चिश्ती, गब्बर बेलिम, ईदु शाह, सोनू दाउद, मोहसीन खान, समीर शाह, बिलाल मंसूरी, सैयद तनवीर अली, समशेर मदनी, मुसाहिद खान, मो. साजिद चिश्ती ने दुआ की।

### सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक का किया आयोजन

# नवीन सदस्यता, संगठन और नवीन पत्रिका प्रकाशन के लिए चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोमवार को मल्हार स्मृति मंदिर वरिष्ठ नागरिक सभागृह में सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मासिक बैठक की शुरूआत की गई।

बैठक में देवकरण शर्मा द्वारा मानवता के लिए का गीत प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थितजनों ने उसे दोहराया। शर्मा द्वारा एसआईआर एवं परिवार के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया गया। जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे ने नवीन सदस्यता, जिले की संगठन स्थिति एवं नवीन पत्रिका के प्रकाशन के संबंध में उपस्थित जनों से विचार विर्मश किया तथा सभी से आग्रह किया कि समय सीमा में अपने लेख, कविता व अन्य प्रकाशन सामग्री समिति के पास जमा कराएं।प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी ने प्रदेश स्तर की संगठन संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही 18 दिसम्बर को प्रदेश स्तर की कार्यसमिति की बैठक भोपाल में आयोजित की गई है उस संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। धारा 49 के बारे में भी जानकारी दी गई। महासंघ के प्रदेश संरक्षक डॉ. विष्णु वर्मा ने संगठन के संबंध में विस्तृत रूप से मार्गदर्शन दिया। उनके द्वारा संगठन में रहने, उसके उद्देश्य, कार्यशैली, आपका व्यवहार और आंकलन इस बारे में प्रकाश डाला गया तथा प्रदेश स्तर पर जो भी प्रमुख दायित्व जिले में मिले है एवं जो जिले में अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे है उन सभी को शुभकामनाएं दी। डॉ. वर्मा को सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशन महासंघ का प्रदेश संरक्षक बनने पर उनका स्वागत कर बधाई दी गई। कुसुम मेहरा एवं मीना खत्री को प्रदेश स्तर पर दायित्व मिलने पर बधाई दी। श्याम सुंदर चतुर्वेदी एवं साथियों ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। मासिक बैठक पांच नवीन आजीवन सदस्यों का भी स्वागत किया गया। पद्माकर ने उपस्थितजनों को बाबा खाटूश्याम एवं मातारानी की प्रसादी के रूप में स्वल्पाहार करवाया। जिला कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष की सहमति से बैठक का समापन हुआ। बैठक में शिवनारायण कारपेंटर, छगनलाल पिपलोदिया, नागपाल, मोहनदास बैरागी, भूषण कर्णिक, परिहार, क्षीरसागर, पद्माकर फड़निस, दिनेश शर्मा, ईश्वर मिश्रा, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, मीना खत्री, कुसुम मेहरा, श्याम सुंदर चतुर्वेदी, कारपेंटर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम प्रधान ने लगाया गुंडागर्दी कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम भौंरदा मजरा तोर टपरियन निवासी सुकलाल पुत्र हरप्रसाद यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में भौंरदा का ग्राम प्रधान भी है और गांव में ग्राम सभा में 1 दिसम्बर को पेबर ब्रिक्स बिछवाने का कार्य कर रहा था, तभी गांव के विनय पुत्र चाली राजा, इन्दर पुत्र नत्थूराजा, नीरज पुत्र गट्टुआ एकराय होकर आये और काम में अडचन पैदा कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग गुण्डा प्रवृत्ति के हैं और गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देते हुये लेवर को भी भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मोबाइल टावर से डिवाइस चोरी मामले में एक और पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना नाराहट पुलिस ने दर्ज एफआईआर धारा 379, 413 भादवि में जिला मेरठ के थाना हस्तिनापुर अंतर्गत सैफपुर करमचंद्रपुर निवासी मोनू उर्फ अलाउद्दीन पुत्र मुश्ताक को हिरासत में लिया है। मोनू को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नाराहट पारुल चंदेल अपनी टीम के साथ शामिल रहीं।

ग्राम प्रधान भोरदा ने लगाया गुण्डागर्दी कर धमकाने का आरोप
ललितपुर। महरौनी के ग्राम भौंरदा मजरा तोर टपरियन निवासी सुकलाल पुत्र हरप्रसाद यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में भौंरदा का ग्राम प्रधान भी है और गांव में ग्राम सभा में 1 दिसम्बर को पेबर ब्रिक्स बिछवाने का कार्य कर रहा था, तभी गांव के विनय पुत्र चाली राजा, इन्दर पुत्र नत्थूराजा, नीरज पुत्र गट्टुआ एकराय होकर आये और काम में अडचन पैदा कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग गुण्डा प्रवृत्ति के हैं और गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देते हुये लेवर को भी भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### न्यायालय में कैण्टीन हेतु ठेके की नीलामी 10 दिसम्बर को

**ललितपुर।** जनपदीय न्यायालय के केन्द्रीय नाजिर ने बताया कि जनपद न्यायलय परिसर, में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए फोटोस्टेट/फोटोग्राफी/कम्प्यूटर कार्य के लिए ठेके की नीलामी 10 दिसंबर को अपराह्न 04:30 से सभागार कक्ष, जनपद न्यायालय ललितपुर में नीलामी समिति करेगी। समय पर उपस्थिति होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शर्तें व अन्य विवरण जनपद न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट एवं न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं।

### समाप्त हो चुके पल्स पोलियो की आशंका से जनपद में बरतें सतर्कता

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित न रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने जनपद की कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्राप्त की उन्होंने निर्देशित किया कि लक्षित शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाये इस अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि जनपद में 14 दिसम्बर से पल्स पोलियो विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान में 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। इस हेतु लगाये गये कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाये तथा अभियान के अंतर्गत ही बीमार एवं प्रतिरोधी परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर पोलियो की खुराक दी जाये सीडीओ ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि लक्षित शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित न रहे।

बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ शिव प्रकाश ने बताया कि जनपद में 14 दिसंबर को बूथ दिवस के रूप में पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस दिन विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित रहेंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही प्रतिरक्षित किया जा सके। बूथ दिवस का शुभारंभ स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा। इसके बाद 15 दिसंबर से घर-घर भ्रमण के माध्यम से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए घर-घर टीमें एवं ट्रांजिट टीमें गठित की गई हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने आगामी पल्स पोलियो की टाइमलाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 5 लाख नौनिहालों को ह्लदो बूंद जिंदगी कीह्व पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। ग्राम, ब्लाक एवं तहसील स्तर पर रैलियां निकाली जाएंगी। मीडिया के माध्यम से अभियान की जानकारी प्रचारित की जाएगी ताकि जनता को पूर्ण रूप से जागरूक किया जा सके। बैठक में बीमार एवं टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित कर पोलियो की खुराक देने का निर्णय लिया गया। इन बच्चों को अतिरिक्त सतर्कता के साथ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिसके कारण बच्चों में लकवा, शिथिलता एवं दिव्यांगता हो सकती है। भारत देश में 2011 से पोलियो का एक भी मामला नहीं आया है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण अभी भी आ रहे हैं। इसलिए टीकाकरण आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बैठक के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जनपद के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय के सहयोग की आवश्यकता है। सभी अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी अभियान की सफलता के लिए समन्वय स्थापित करेंगे। वे अपने सभी 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि स्वस्थ ललितपुर का सपना साकार हो सके।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में मनाया एड्स दिवस

**ललितपुर ।** प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर द्वारा एड्स दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस बीमारी से प्रभावित लोगों के समर्थन हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम एमबीबीएस के छात्राओं द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका आगाज चिकित्सा महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संकाय सदस्य सीनियर फिजिशियन नए सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर किया! अवसर पर एमबीबीएस बैच 2024झ25 एवं बैच 2025झ26* के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रस्तुति तथा जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं आम जनमानस को जागरूक किया गया।



एड्स दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने लोगों से अपील की कि वे एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूक रहें और इस बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक कदम अवश्य उठाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाने से इस बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। एड्स की रोक थाम हेतु असुरक्षित यौन संबंध से बचें, सूई लगाने वाले सिरिंज का प्रयोग सिर्फ एक व्यक्ति के लिए किया जाए तथा रक्त आधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन) के समय रक्त देने वाले तथा रक्त ग्राही मरीज की एड्स की जांच आवश्यक रूप से करना चाहिए। एड्स जैसी बीमारी के लिए जानकारी ही बचाव है। जो भी लोग इससे ग्रसित हैं वो इसे छुपाएं नहीं मेडिकल कॉलेज में अपनी जांच करवाएं तथा उपलब्ध निःशुल्क इलाज प्राप्त करें। एड्स छूने से, साथ रहने से साथ खाने पीने से नहीं फैलता है। किसी भी एड्स रोग पीड़ित से घृणा ना करें उसे मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध इलाज दिलवाए। एड्स की एक गोली नियमित सेवन कर के मरीज अपने जीवन को लंबे समय तक स्वस्थ रूप से जी सकता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ श्रुति सिंह, डॉ पवन सूद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गजेंद्र सिंह डॉ सत्येंद्र प्रजापति, डॉ विशाल जैन, डॉ घनश्याम, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ उत्कृष्ट लाहौरीया, डॉ मनोज, डॉ रजनी रतमेल, डॉ प्रद्युमं, डॉ दिव्या स्वामी आदि संकाय सदस्य एवम सीनियर व जूनियर रेसिडेंट्स व अन्य कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

## ससुरालियों ने दर्ज कराया केस

# जेवरात व नकदी लेकर मायके पक्ष के साथ भाग गई महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

न्यायालय के आदेश पर एक मामला महरौनी कोतवाली में दर्ज हुआ है। इस मामले में करीब दस माह पहले हुयी शादी की एक ऐसी कहानी दर्ज करायी गयी है, जिसमें नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके पक्ष से मिलकर ससुरालियों पर मुकद्मा दर्ज कराने की धमकी देते हुये कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की शर्त रखी। करीब चार माह बाद महिला अपने मायके आ गयी। ससुरालियों ने जेवरात और नकदी लेकर गयी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने एक ना सुनी। मजबूरन पीड़ित पक्ष को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

मामला है महरौनी के ग्राम कुआघोषी का, यहां रहने वाले रामस्वरूप पुत्र श्रीराम कौशिक ने एसीजेएम न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता के जरिए एक वाद दायर किया है। बताया कि उसके पुत्र अंशुल कौशिक की शादी 6 फरवरी 2025 को म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना पलेरा क्षेत्र के बीआरसी ऑफिस के पीछे रहने वाले मुन्नालाल की पुत्री प्रतीक्षा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी के दूसरे दिन से बहू प्रतीक्षा का स्वभाव गुस्से का था। पन्द्रह दिन बाद प्रतीक्षा अपने मायके चली गयी। 24 मार्च 2025 को प्रतीक्षा को लेने वह लोग पलेरा पहुंचे, जहां से उसी दिन प्रतीक्षा को लेकर लौट आये। 3 जून को फिर से मुन्नालाल, केशव, शिवम, राजेन्द्र आदि प्रतीक्षा को लेने आ गये और 5 जून को स्वतः प्रतीक्षा को कुआघोषी में छोड़ गये। पहली जुलाई 2025 को वह अपने पुत्र व परिवार के साथ गांव में था। रात करीब 10 बजे नयी कार से मुन्नालाल तिवारी, केशव, शिवम व राजेन्द्र गंगेले आये और घर में घुसकर प्रतीक्षा को आवाज देकर घर चलने की बात कही। प्रतीक्षा ने मायके वालों की आवाज सुनकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व 70 हजार रुपये नकद उठाये और जाने लगी। विरोध करने पर मायके पक्ष के लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा होते हुये विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर उसने अपने साथ पुत्र, शिवशंकर, रामस्वरूप ने समझाया तो उक्त लोगों ने कहा कि प्रतीक्षा की दूसरी शादी करेंगे और तुम लोगों पर 3 लाख रुपये का मुकद्दमा करेंगे। मामले में जब पीड़ित पक्ष थाने में शिकायत दर्ज कराने गये तो उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी। अब न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों पर बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 316 (2), 351 (3), 352 व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष छह को ललितपुर आएंगी

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डा.बबीता सिंह चौहान 06 दिसम्बर 2025 को सुबह 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सुबह 11.30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

## ओ लेबल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए चार दिसम्बर तक करें आवेदन

**ललितपुर ।** निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट स्तर से चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को ह्लओह्व लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 01-11-2025 को बढाकर 04-12-2025 कर दिया गया है। प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तथा प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी एवं अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य, इण्टरमीडियट उत्तीर्ण हो और अधिकतम वार्षिक आय एक लाख से अधिक न हो वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र की वेबसाइट पर 4 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से 4 दिसंबर की सांय 05 बजे तक जनपद ललितपुर के विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या-29 में जमा करना अनिवार्य होगा।

### शहरवासियों के अलावा तखत ग्रुप सदस्यों ने जताई खुशी

## बी. फार्मा में गोल्ड मेडल पाकर हर्ष मिश्रा ने बढ़ाया मान



ग्राम पंचायत मादौन प्रधान के सुपुत्र हैं हर्ष मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत मादौन के प्रधान सुदामा मिश्रा के सुपुत्र हर्ष मिश्रा ने मध्य प्रदेश के जिला सागर स्थित डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय में गौर समाधि प्रांगण के विशाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गौर गौरव - डीओपीएस 94 स्वर्ण पदक हर्ष मिश्रा को प्रदान किया गया। गौरतलब है कि हर्ष मिश्रा को यह गोल्ड मेडल बी.फार्मा वर्ष 2025 की परीक्षा में प्रवीण सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बतौर सम्मान के प्रदान किया गया है। हर्ष मिश्रा को बी.फार्मा में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर तखत ग्रुप के सदस्यों के अलावा उनके शुभचिन्तकों ने खुशी जाहिर की है। हर्ष मिश्रा ने एक संक्षिप्त वार्ता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए अपने गुरूजनों, माता-पिता को श्रेय देते हुये कहा कि वह जिले के लिए और भी बेहतर कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं।

## लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद ने क्षेत्रीय मुद्दों को उठाया

### राजघाट बांध से गोविंद सागर बांध जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शीतकालीन सत्र के प्रथम प्रश्नकाल में झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से सदन के समक्ष रखा। सांसद ने विशेष रूप से केन-बेतवा लिंक परियोजना के विभिन्न पहलुओं, ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा परियोजना के विस्तार से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर कई प्रश्न सभा के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने जनपद ललितपुर स्थित गोविंद सागर बांध को राजघाट बांध से जोडने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूरा होने से ललितपुर की जनता को पीने के पानी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी और गोविंद सागर बांध के निचले हिस्सों में स्थित कृषि भूमि को निरंतर सिंचाई मिलेगी, जिससे किसानों को कृषि उत्पादन और कृषि विस्तार में अत्यंत लाभ प्राप्त होगा।

### राज्यमंत्री पंथ ने कहा-पुण्यस्मृति में सेवा कार्य अनुकरणीय

# समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने आज अन्नपूर्णा भोजन शाला में आयोजित कार्यकम में कहा परिजनों की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य अनुकरणीय है उन्होने समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल द्वारा किए गए सेवा कार्यों का स्मरण किया। ललितपुर जिला अस्पताल परिसर में बाबूलाल जैन साइकिल की 31 पुण्य स्मृति में आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम का उन्होने भोजन परोस कर शुभारम्भ किया। विधायक सदर राम रतन कुशवाहा ने कहा कि सेवा के कार्य करने से मन में आत्मिक शान्ति का अनुभव होता है और पुष्प स्मृति में ऐसे आयोजनों द्वारा ही सच्ची श्रद्धान्जलि है।उन्होंने अन्नपूर्णा भोजनाला में किए जा रहे सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे,हरीराम निरंजन महामंत्री बब्बू राजा बून्देला, महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अक्षय अलया,पार्षद जितेन्द्र राठौर, विलास पटेरिया, दीपक राठौर, आशीष गोस्वामी, अभिषेक सोनी, सुनील जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे जिन्होंने समाजसेवी जैन को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अजय जैन साइकिल द्वारा किया गया।

मध्यान्ह में ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर देलबारा में वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन के मुख्यातिथ्य में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें मेंधावी छाओं को सम्मानित किया गया तथा जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में रामेश्वर पटैरिया, सुनील मालवीय,रवीन्द्र जैन मुनमुन, वारेन्द्र जैन सोनू, प्रियेश जैन मनीश जैन, सरोज श्रीवास्तव शोभा जैन, मिनी जैन आदि मौजूद रहे।

### गीता जयंती समारोह सम्पन्न

# कर्मयोग के पथ पर चलने के लिए गीता अध्ययन जरूरी : डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




संस्कृत भारती एवं संस्कृत संस्कृति संस्थानम के संयुक्त तत्वाधान में नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय धर्मशास्त्र श्रीमद भागवत गीता जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया गया। शुभारम्भ प्रान्तीय उपाध्यक्ष, संस्कृत प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्वलन एवं श्रीमद भागवत ग्रंथ का पूजन करके किया। प्रारम्भ में छात्र-छात्राओं ने श्रीमद भगवद गीता का परायण किया। प्राचार्य ने कहा कि गीता ज्ञान को आत्मसात कर जीवन पथ पर आगे बढने वाले मनुष्य हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करते हैं जबकि गीता रहस्य को न मानने वाले व्यक्ति पग-पग पर हार का सामना करते हैं। लोगों को सत्य की रक्षा के लिए गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिये। कहा कि भगवत गीता का विश्व चिन्तन में बड़ा महत्व है। अर्थशास्त्र प्रो.डा.आशा साहू ने कहा कि इस देश की विभूतियों ने अपनी जीवन शैली गीता के अनुसार बनाई, जिससे वह आज भी भौतिक शरीर से न होने के बाद भी हमारे बीच अमर हैं। आचार्य शंकर, महर्षि अरविन्द, लोकमान्य तिलक, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, संत बिनोवा, सर्वपल्ली राधाकृष्णन आदि ऐसे महापुरूष हैं। जिन्होंने अपने जीवन को गीतामय बनाया। हिन्दी प्राध्यापक डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को विद्वान आचार्यो से गीता के ज्ञान को ग्रहण कर संस्कार एवं संस्कृति को सीखना चाहिये। जिससे वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। मनोविज्ञान प्रवक्ता डा.संजीव शर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि सम्पूर्ण राष्ट्र में गीता ज्ञान का प्रसार किया जाये। जिससे सम्पूर्ण देश के निवासियों में राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति एवं कर्तव्य परायणता की भावना विकसित हो सके। संस्कृत प्राध्यापक डा.दीपक पाठक ने कहा कि भौतिकता के घनघोर अंधकार में भटकती मानव जाति के उद्धार के लिए गीता का आलोक ही एक मात्र उपाय है। इसका गंभीर अध्ययन तथा उसके संदेश का परिचालन व्यक्ति एवं समाज तथा मानवता की रक्षा करने में समर्थ है। डा.प्रीति सीरोटिया ने कहा कि भारतीय दर्शन में धर्म को एक जीवन पद्धति माना गया है। धर्म प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। युद्ध शस्त्रों से नहीं होता है, वैचारिक भी होता है। हमारे अंर्तमन में द्वंद होता है। उस द्वंद में गीता ही हमारा मार्गदर्शन कर सकती है। कृषि संकाय अध्यक्ष डा.हरीशचंद्र दीक्षित ने कहा कि गीता जीवन को सुधारने का ग्रंथ है। भारतीय दर्शन सर्वधर्म सम्भाव पर आधारित है। श्रीमद भगवत गीता के दर्षन को अपने ही देश में नहीं बल्कि पष्चिमी देषों में भी सराहा गया। गीता की विदुषी डा.जनक किशोरी शर्मा ने कहा कि भगवद्गीता की मूल प्रेरणा से समर्पण व आश्वासन हैं। मनुष्य का भगवान के प्रति सच्चा सर्मपण हो तो फिर उसे किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। गीता जीवन और संसार की चुनौतियों से भागने की नहीं, बल्कि उनसे मुकाबला करने की सीख देता है। डा.रामकुमार रिछारिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी फल की आशा से अपना कर्म करते रहना चाहिये। इस दौरान हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.सुभाष जैन, डा.सजीव शर्मा, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.शैलेन्द्र सिंह चौहान, डा.विनीत अग्निहोत्री, संदीप श्रीवास्तव, डा.अनूप दीक्षित, डा.जगवीर सिंह, डा.जितेन्द्र राजपूत, डा.रोहित वर्मा, डा.रजनी चौबे, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.प्रीति सीरौटिया ने व डा.दीपक पाठक ने आभार जताया।

पूर्व से दो शादी कर चुका है आरोपी, पीड़िता को देता रहा शादी का झांसा

# यौनशोषण व मानसिक रूप से प्रताड़ित महिला ने एसपी से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

खिलचीपुर के कुलीखेड़ा के रहने वाले मेहरबान सिंह पर लिवइन में रहने वाली पीड़िता ने लगातार शारीरिक संबंध बनाकर यौनशोषण करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गर्भपात कराने एवं जान से मारने की धमकी जैसे आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर दिए गए आवेदन में कहा है कि आरोपी ने कई महीने पीडुिता के साथ देहशोषण किया एवं लड्का पैदा करने के लिए दबाव बनाता रहा।

बाद में पता चला की उसकी पूर्व में ही 2 शादी हो चुकी है। इस पर से बात बिगड़ना शुरू हुई और चालाकी से मेहरबान से पीड़िता को भी झांसे में ले लिया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाते हुए मेहरबान सिंह दांगी ने गर्भपात भी करवाया। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी मेहरबान पर मामला दर्ज किया गया है।



### पहले ही मेहरबान की हो चुकी हैं दो शादियां

कुलीखेड़ा में रहने वाले एवं राजनीतिक संरक्षण का गलत फायदा उठाने वाले मेहरबान सिंह दांगी ने दो शादियां की है जिनमें से भवानीपुरा खिलचीपुर की सुंदरबाई से हुई है एवं दूसरी शादी ब्यावरा के खजुरिया की कांताबाई दांगी से हुई है। इसके बाद भी तीसरी शादी का झांसा देकर पीड़िता को कई महीने रखा और यौनशोषण किया।

### जबरन खिलाई गर्भपात की गोलियां

पीड़िता ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी को आवेदन में लिखा है कि आरोपी ने जबरन गोलियां खिलाकर मेरा गर्भपात करवाया है जिसमें 2 महीने का गर्भ गिराने की शिकायत की है। साथ ही मेरे साथ लगातार मारपीट कर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और पिता के घर भगा दिया गया।

**इनका कहना है...**

यह सब राजनीतिक षडयंत्र है। मैंने ऐसा कुछ नहीं किया।

**मेहरबान सिंह दांगी**
**जिला उपाध्यक्ष भाजपा खिलचीपुर**

वैसे तो सभी कार्यकारिणी भंग चल रही हैं फिर भी कानून अपना काम करेगा।

**ज्ञानसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष भाजपा**

किसान परेशान, प्रशासन का नहीं इस ओर कोई ध्यान

# यूरिया खाद के साथ थमा रहे खाद व्यापारी किसानों को उत्तम पाउच

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

रबी फसल सीजन के चलते किसानों को यूरिया, डीएपी उर्वरक की फसलों में आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं। वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे। बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया ,डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं। इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायजा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी ,बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है ।हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का शोषण कर रहे हैं। इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें।




**इनका कहना है...**

कलेक्टर ने टैग में प्रतिबंध लगा रखा है। यदि कोई खाद व्यापारी जबरदस्ती किसान को यूरिया की बोरी के साथ कुछ देता है तो व्यापारी पर एफआईआर की जाएगी।

**सचिन जैन, जिला कृषि अधिकारी, राजगढ़**

# नपा में 109 स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त, तीन दिन से जारी प्रदर्शन

शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर कार्रवाई की गई

### जिलाध्यक्ष कछवाय बोले आदेश में सफाईकर्मी का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पालिका में कार्यरत 43 सफाईकर्मियों सहित कुल 109 स्थाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हटाए गए सफाईकर्मी पिछले तीन दिनों से नगर पालिका कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ नारे लगाते हुए विरोध जताया तथा नगर पालिका परिसर में बैठकर ज्ञापन एवं आदेश की प्रति अधिकारियों को दिखाई।

सोमवार को भी सफाईकर्मियों का प्रदर्शन जारी रहा। बड़ी संख्या में कर्मचारी, पदाधिकारी एवं उनके समर्थक नपा कार्यालय पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष विरु कछवाय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे से चर्चा की। बैठक के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की मनमानी नहीं की गई है, बल्कि मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग मात्रालय प्रमुख सचिव के निर्देश पर कार्यवाही हुई। प्राप्त आदेश के आधार पर ही स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त की गई है।

उन्होंने बताया कि नियुक्तियों और सेवा निरस्तीकरण पर उच्चस्तरीय निर्देश प्राप्त होने के बाद ही यह निर्णय लागू किया गया है। वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष कछवाय एवं राष्ट्रीय महासचिव सफाईकर्मी संघ संदीप सलोने एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों के भीतर सभी हटाए गए सफाई कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति नहीं की जाती है तो पूरे जिले में सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है तथा वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को बिना उचित विचार किए हटाया जाना मानविय एवं प्रशासनिक दोनों स्तर पर अनुचित है। इसी के चलते सोमवार को प्रदर्शन के दौरान नाराज कर्मचारियों ने सीएमओ ज्योति सुनेरे के खिलाफ नारे भी लगाए।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर भी हुए आयोजन

# गीता महोत्सवः बच्चों ने तन्मय होकर सुना गीता का 15वां अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय के पारायण चौक परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे साधु, संतों का कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस दौरान उपस्थित विभिन्न स्कूलों के अनेकों बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता के 15वें अध्याय का स-स्वर श्रवण करवाया गया। उपस्थित बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ भक्ति और श्रृद्धा में लीन रहते हुए इस अध्याय का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि



वेद, पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है क्योंकि यही हमारी जड़ों और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि गीता सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है और इसके 18 अध्यायों में ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि "कर्म करो, फल की चिंता मत करो', गुरुजनों का सम्मान करो, यही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है।

### गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साधु, संतों व जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीमद् भगवद् गीता को 'राष्ट्रीय ग्रंथ' घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों ने सामूहिक रूप से गीता आरती का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, सम्मान और आध्यात्मिकता से भर उठा। अंत में राजगढ़ एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।



### क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल नर्मदापुरम एवं संरक्षक डॉ.वी. बी. खरे. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय (पीमसीओई) राजगढ़ तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा उपस्थिति रहे। डॉ. अजीत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस लखनऊ फोरेंसिक बायोलॉजी और सीरोलॉजी डिपार्टमेंट एवं डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्टे, असिस्टेंट प्रोफेसर, रूरल टेक्नोलॉजी और सोशल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर तथा गिरीश शिव विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, स्व. तुकोजीराव पंवार गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, देवास वर्चुअल रूप से जुड़े।

आवारा कुत्तों सहित सूअरों को भी करेंगे शहर से बाहर

# आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने इंदौर से बुलवाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों में आवारा कुत्तों ने आंतक मचाया हुआ है। बीते एक महीने में कई लोग डॉग बाईट्स का शिकार हो चुके हैं। झुंडों के रूप में यहां-वहां घूम रहे इन आवारा कुत्तों को पकड़ने राजगढ़ नगर पालिका ने सोमवार को इंदौर से 12 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम बुलवाई है।

इस टीम द्वारा न केवल आवारा कुत्तों बल्कि स्वच्छता के लिहाज से सूअरों को भी पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को डॉग कैचर टीम सदस्यों द्वारा उद्धभव नगर, खरला नाला सहित कई



स्थानों से आवारा कुत्तों व सूअरों का पकड़ा गया है। यह टीम आगामी दिनों में भी इसी तरह आवारा कुत्तों को पकड़कर उचित स्थानों पर पहुंचाएगी।

### शेल्टर होम भिजवाने की मांग

गौरतलब है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर के आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जा रही टीम द्वारा कुत्तों को मकसूदनगढ़ के समीप छोड़ दिया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। ऐसे में नगरवासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि इस बार कपड़े जा रहे कुत्तों कोएनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर या शेल्टर होम पहुंचाया जाए ताकि वहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण भी हो सके। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह के दौरान जिला चिकित्सालय सहित आसपास के अन्य अस्पतालों में डॉग बाईट्स के चलते कईं लोग घायल हो चुके हैं।

### उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश सेवानिवृत्त हुए

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश सेन की सेवानिवृत्ति पर विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग में तिरालिस वर्षों तक सेवारत शिक्षक की सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार आर.पी.गौड़ ने माँ सरस्वती का पूजन कर सेवानिवृत्त शिक्षक सेन का शाल श्रीफल पुष्पहार एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। सेन की उत्कृष्ट सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भी उनका पुष्पहार से सम्मान कर उनके द्वारा की गई सेवाओं की प्रशंसा कर उन्हें सम्मानपत्र भेंट किया।

कोतवाली थाने पहुंचे विहिप, बजरंग दल पदाधिकारी

# भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना मदनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** गत 29 नवंबर को राजधानी भोपाल में मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए भाषण को भड़काऊ, देशद्रोही एवं विभाजनकारी करार देते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खासा रोष व्याप्त है। इस संबंध में मौलाना मदनी पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए विहिप, बजरंग सदस्य सोमवार शाम कोतवाली थाने पहुंचे और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भड़काऊ और देशद्रोही भाषणों का हम पुरजोर विरोध करते हैं। मदनी जैसा व्यक्ति समाज और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए बहुत खतरनाक है। इस तरह की मानसिकता रखने वाले पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152, 196 एवं 353 के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।



इस अवसर पर जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, बल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख लखन गुर्जर, गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, चंदन गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, प्रकाश तवर, सोनू गौड़, अभिषेक पिपलोटिया सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गीता जयंती पर श्री झाली आश्रम में हुआ आयोजन



**नरसिंहगढ़।** सोमवार को श्री झाली आश्रम मंदिर परिसर में गीता जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। यह मानव जीवन को सही दिशा और सकारात्मक सोच प्रदान करती है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्षा कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, मंदिर के पुजारी पंडित राघवेंद्र शर्मा, सीएमओ अभिषेक जैन, रमेश मालवीय, हरिओम मिश्रा,ललित शर्मा, सतेंद्र सिंह, पवन मेहता, भारत सिंह गुर्जर, कमल चैरसिया, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

### इंदौर पब्लिक स्कूल से रौनक सेन का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 7वीं के



छात्र रौनक सेन ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रौनक सेन का चयन अंडर-13 बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है। वह आगामी जनवरी माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रौनक सेन को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

# जिले में एड्स के 610 मरीज, हर साल बढ़ता ही जा रहा आंकड़ा

### आमजनों में जागरुकता लाने स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद जिले में एड्स पीड़ितों की संख्या में साल दर साल ईजाफा होता ही जा रहा है। बीते पांच सालों की बात करें तो औसतन हर साल एड्स के 50 नए मरीज सामने आ रहे हैं। वर्तमान स्थिति में राजगढ़ जिले में एड्स के कुल 610 चिन्हित हैं जिनका इलाज भोपाल, राजगढ़ आदि अस्पतालों में चल रहा है। सिर्फ बचाव ही रोकथाम' वाली इस बीमारी के प्रति आमजनो को जारुगक करने नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर नगर में एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, पुराना बस स्टैंड, सब्जी बाजार और से गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागी जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। मंगल भवन पहुंचकर रैली का समापन हुआ। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि एड्स से बचाव ही इस बीमारी का सबसे प्रभावी समाधान है।



### छात्राओं को प्रदान किए स्टील थर्मस बॉटल

जागरूकता रैली के समापन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्टील थर्मस बॉटल का वितरण कराया गया। यह पहल छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| कुल मरीज | 610 |
| पुरुष | 380 |
| महिला | 150 |
| बच्चे | 15 |
| गर्भवति | 40 |
| अन्य | 25 |

### जागरुकता ही एड्स से बचाव का मूल मंत्र

कार्यक्रम के समापन पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स से बचाव के लिए जागरुकता ही मूल मंत्र है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को एड्स एवं एचआईवी के संबंध में सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, एड्स कंट्रोल नोडल अधिकारी डॉ. राजीव हरिऔध, डॉ. आर.के. कठेरिया, डॉ जे.के. शाक्य, सीबीएमओ डॉ एसके मित्तल, डॉ अमित कोहली, कीर्ति सिंह, कौशल पिपलोटिया, साधना बॉथम, ज्योति मीणा आदि मौजूद थे।